हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मार्च 2024



12 मलेरिया व डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट





12 आदर्श चुनाव आचार संहिता की गंभीरता से पालना करें शराब ठेकेदार





उनके लिए है... जिनको लगता है अपने सपनों को साकार करना है...

SD CAREER INSTITUTE

SCHOOL + COACHING + HOSTEL

NEET | JEE | NDA | CUET

& Foundation

6th TO 12th & 12th Pass

Admission Open

Session 2024-25

उचित फीस में उत्तम शिक्षा

LIMITED SEATS

Hostel Facility Boys & Girls

Near Girls PG College, Opp. Civil Court Mahendergarh, (Hr.)

Ph. 9996715609, 9996691606, 7027242222

सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. विद्यालय

शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...

SD GROUP OF SCHOOLS

Where Dreams Become Reality

एस. डी. विद्यालय में EXPERT FACULTY के द्वारा कोचिंग की संपूर्ण व्यवस्था है। जो परिणाम के साथ सिद्ध कर चुके हैं।

SPECIAL COACHING CLASSES from Class V — NDA, CLAT, CUET, CA, AISSEE, IIT/JEE, NEET

74 NEET 2022 & 23 Qualifiers

PARDEEP KUMAR S/o Sh. Omprakash 651/720

HARSHIT KUMAR S/o Dr. Raj Kumar 650/720

SELECTED IN JEE ADVANCED

Anushpa D/o Sh. Jaibhagwan — IIT DELHI (Roll No. 7006301)

Nitu Sherawat D/o Sh. Vikram Singh — IIT ALLAHABAD (Roll No. 7003211)

Bharat S/o Dr. Karmvir — IISER PUNE (Roll No. 2020298)

Ankit Yadav S/o Sh. Hanuman — NIT HAMIRPUR (Roll No. 2069341)

Deepika D/o Sh. Ramavtar — IIT BANARAS (Roll No. 232039073)

Mohit S/o Sh. Ravinder Kumar — NIT ARUNACHAL PRADESH (Roll No. 232037309)

Paramjeet S/o Sh. Naresh Kumar — IIIT BHOPAL (Roll No. 230310031194)

75 JEE Mains 2022 & 23 Qualifiers

SDians Believe in Results not in words

CA FOUNDATION — YATIN AGGARWAL S/o Sh. Bishan Dayal (Kanina), Roll No. 958017

CA FOUNDATION — HIMANSHI D/o Sh. Dinesh Kumar (Kakrala), Roll No. 958067

CS CSEET — PRIYA D/o Sh. Dharmbir (Rasulpur), Roll No. 250246464

98 STUDENTS Qualifiers AISSEE - 2024

NDA QUALIFIERS 2022 & 23

NITESH KUMAR S/O SH. SURENDER KUMAR

PARAMJEET SINGH S/O SH. NARESH KUMAR

KESHAV SHARMA S/O SH. KRISHAN KUMAR

SWETA D/O SH. SUNIL KUMAR

ISHIKA D/O SH. VIKRAM SINGH

SANIA D/O SH. SATPAL

VINEET S/O SH. ISHWAR

CBSE RESULT 2023 TOPPERS

X CLASS 485/500 PRAKI D/o Sh. Ajay

XII CLASS 476/500 MUSKAN D/o Sh. Raj Kumar

BOXING CHAMPIONS CBSE NATIONAL BOXING-2023 — 2018 RUNNER UP, 2019 OVERALL CHAMPION, 2023 OVERALL CHAMPION — 1 POSITION FIRST

क्षेत्र में पहली बार SGFI Selected For NATIONAL U-14 FOOTBALL TEAM — HIMANSHU S/O SH. UDAY SINGH

SDians ने की एस्टरॉयड की खोज 2023 — NASA

नासा से हुए सम्मानित

एस.डी. की बेटियाँ इसरो चीफ एस सोमनाथ जी के साथ

NCC UNIT (BOYS & GIRLS)

NSS UNIT (BOYS & GIRLS)

AC & NON AC HOSTEL FACILITY Available ORGANIC FOOD

5th Mile Stone, Kanina-Kapoori Road, KAKRALA, Distt. M/garh (Hr.)

Ph. 8607757970 | 7056791005

## स्वच्छता एवं मतदान को लेकर भाषण प्रतियोगिता करवाई

# 'स्वच्छता एवं वोटर जागरूकता कार्यक्रम' का एमएम कॉलेज में हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

युवा एवं खेल मंत्रालय एवं क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस, नई दिल्ली द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 'स्वच्छता एवं वोटर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज में किया गया है।

वीरवार को इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे अतिरिक्त उपायुक्त फतेहाबाद राहुल मोदी द्वारा किया गया। उन्होंने फतेहाबाद में हो रहे इस तरह के कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिट को बधाई दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा व डॉ. विकेश सेठी, कैप्टन रजनी वर्मा, डॉ. मीनाक्षी कोहली, प्रो. विनोद कुमार की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन एनएसएस वॉलंटियर्स को जहां स्वच्छता एवं मतदान के महत्व को लेकर जानकारी दी गई वहीं वॉलंटियर्स द्वारा कॉलेज में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर राजकीय महिला महाविद्यालय रतिया से प्रो. प्रेम मेहता, एमएम शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद की प्राचार्या डॉ. जनक मेहता व जिला रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर गांव बीघड़ से सरपंच सर्वजीत कौर, बीघड़-2 से सरपंच हरकृष्ण कटारिया व बीघड़-1 से मनोज कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वच्छता एवं मतदान को लेकर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अतिथियों का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने और मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए 1 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की उम्र की दहलीज पार कर चुके युवा अपना वोट अवश्य बनवाएं। प्रो. प्रेम मेहता ने वॉलंटियर्स को स्वच्छता के महत्व बारे बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है जो स्वयं, समाज के लिए फायदेमंद है। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी कोहली, डॉ. रजनी वर्मा, डॉ. तृप्ता मेहता, डॉ. रामगोपाल, तारिका नारंग, वंदना अरोड़ा, अजय ढाका, अमनदीप सिंह, प्रीत कौर, गुरप्रीत सिंह, नरेन्द्र सरदाना, एसएस मल्होत्रा, राजेश कुमार, अनु जिंदल, शालू, सरला, राकेश कुमार, सुभाष चन्द्र सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।






फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में वालॅटियर्स को स्वच्छता व मतदान की शपथ दिलाते एडीसी राहुल मोदी तथा सिरसा में युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए।

### युवाओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन चत्तरगढ़पट्टी की सैनी धर्मशाला में जिला रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सैनी स्वयंसेवकों को बताया गया कि किस प्रकार एक बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति को अस्पताल ले जाने से पूर्व हम उसको प्राथमिक सहायता देकर उसकी जान बचा सकते हैं। सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाजिक कायार्ें में अपनी भूमिका अदा करने को कहा गया। उन्होंने युवाओं को अपने मत का सही प्रयोग करने का आह्वान किया गया और इसी विषय पर शपथ भी दिलवाई गई। सभी स्वयंसेवकों द्वारा नशे के विरुद्ध रैली निकालते हुए विश्वविद्यालय की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय इकाई के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. रोहतास एवं प्रोग्राम अधिकारी गुरसाहिब सिंह, सुमन कासनिया, डॉ. सुरेश कुमार मौजूद रहे।

### मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप टीम द्वारा कार्यक्रम किए जा रहे हैं आयोजित : एडीसी

फतेहाबाद। लोकसभा चुनाव में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने स्वीप टीम तैयार की है और शेड्यूल तैयार किया है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत 25 मई तक चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने विभागों व क्षेत्रों में आमजन मानस को वोट का महत्व व लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के बारे में जागरूक करे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में संबंधित विभागों और कॉलेज प्राचायार्ें की बैठक लेकर स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की और विभागों अनुसार चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें और लोकसभा चुनाव की गतिविधियों को जारी रखे। जिला का प्रत्येक नागरिक लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए निर्धारित निर्वाचन मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने में सहभागी बने। स्वीप टीम में शिक्षा विभाग, परियोजना समन्वयक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आईटीआई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चुनाव कार्यालय, रेडक्रास, खेल, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय तथा नेहरू युवा केंद्र के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा इस दौरान विद्यार्थियों को वोट के महत्व व शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, प्रस्ताव लेखन आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई जाए।

### स्टॉफ सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने ली मताधिकार के प्रयोग की शपथ

सिरसा। जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरुक किया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के स्टॉफ सदस्यों व छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताया गया और उन्हें शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद, मतदाता जागरूकता कमेटी के इंचार्ज अनिल बैनीवाल के संयोजन, संस्थान के स्टॉफ सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों तथा छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अपने वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर संस्थान के शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों ने अपनी उपस्थिति रहे।

### युवाओं को वितरित की क्रिकेट खेल किट

सिरसा। गांव फूलकां में आयोजित एक कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मोहित ने गांव के युवाओं से मुलाकात की और उन्हें क्रिकेट किट का वितरण किया। मोहित ने कहा कि युवा शक्ति अगर स्वस्थ व शिक्षित होगी, तभी सशक्त राष्ट्र व खुशहाल समाज का निर्माण होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि खेल नशे से दूर रखने का सबसे सशक्त माध्यम है। नशे से व्यक्ति का परिवार ही नहीं बल्कि पूरा समाज प्रभावित होता है। शर्मा ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। यह आयोजन इसी तरह जारी रहने चाहिए। उन्होंने अपील की कि खेलों को बढावा देने व नशे के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ गणमान्य नागरिक भी आगे आएं और नशा मुक्त मुहिम में अपना हरसंभव योगदान दें। इस मौके पर सतीश खिचड़, राजू लिंडिया, रामजीलाल खिचड़, सुल्तान सिंह खिचड़, सुभाष ढाका, मनीराम बागड़ी, भारत कुलडिया, राजेश कासवान, राजबीर, अक्षय कुलडिया, विपिन कुलडिया, सतीश बॉक्सर, दीपांशु खिचड़ आदि मौजूद थे।

### किसान संघर्ष समिति हरियाणा की बैठक आयोजित

सिरसा। किसान संघर्ष समिति हरियाणा की बैठक बृहस्पतिवार को जाट धर्मशाला सिरसा में हुई, जिसमें मनदीप नथवान व हिसार जिला प्रधान सतीश बैनीवाल पहुंचे। बैठक में सिरसा जिला की नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें कुलदीप सुखचैन को जिला कन्वीनर, नायब नागोकी मुख्य सलाहकार, काला सुरतिया सचिव व ननु बगुवाली, मलकीत सुरतिया, डॉ. गगु असीर, अजेपाल सुरतिया, जसवंत सुखचैन, जगदीप लकड़ांवाली, गुरविंद्र सुखचैन, गुरसेवक सुरतिया, लवली बगुवाली को कमेटी मैंबर नियुक्त किया गया। इसके साथ-साथ 10 गांवों में नई कमेटी बनाने का काम 5 अप्रैल तक पूरा किया जाएगा। जिसमें गांव सुरतिया, सुखचैन, बगुवाली, लकड़ांवाली, सिंगापुर नागोकी, कंगनपुर, रंगा, पतली डाबर, असीर में संगठन की कमेटी का गठन किया जाएगा और आने वाले चुनावों में भाजपा को हराने के लिए गांव-गांव में जाकर अपील की जाएगी। मई महीने में जिला सिरसा का सम्मेलन किया जाएगा और साथ में ब्लॉक सम्मेलन भी जल्द किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा बिजली पेंशनर्ज एसो. का सम्मान समारोह कल

हांसी। हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन यूनिट हांसी की एक मीटिंग गुरुवार को सतबीर पंघाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट हांसी का छठा मान-सम्मान समारोह शनिवार सुबह जींद चौक स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार

हिसार। मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने गांव कवांरी निवासी पवन उर्फ पोनी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जगदीप ने बताया कि इस संबंध में राजीव नहर निवासी मुखराम मौर्य ने 4 अक्टूबर 2023 को आईटीआई चोक पर न्यूरो केयर अस्पताल के सामने से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। मुख्य सिपाही जगदीप ने बताया कि पुलिस में उपरोक्त मामले में पहले एक आरोपी गांव कवांरी निवासी नितेश को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। आरोपी पवन उर्फ पोनी पर पहले भी चोरी के अभियोग अंकित है।

## भाजपा-जजपा के उम्मीदवारों का करेंगे बहिष्कार

- भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने बैठक कर लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की प्रदेश इकाई की बैठक सिरसा रोड स्थित किसान रेस्ट हाउस में यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रणधीर सिंह की अध्यक्षता मे हुई। प्रदेश महासचिव रविंदर पानू ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया है कि संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरे प्रदेश के गांव में बोर्ड और बैनर लगा कर भाजपा-जजपा के लोकसभा उम्मीदवारों का बहिष्कार किया जाएगा और गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी समेत सभी वर्गो का शोषण करने का काम किया है। आज देश को चार- पांच पूंजीपति चला रहे हैं। किसान को एमएसपी नहीं दे सकते परन्तु व्यापारियों का हजारों करोड़ रुपये माफ हो सकते है। बैठक मे मुख्य रूप से हिसार जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह, आत्माराम प्रदेश प्रचार सचिव,दिनेश कुमार भिवानी जिलाध्यक्ष, रमेश कुमार फतेहाबाद जिलाध्यक्ष, राजेश कुमार प्रदेश सचिव, पुनीत, प्रदेश संयुक्त सचिव कृष्ण, सुंदर ब्याना खेड़ा अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे

- ग्रामीणों को ओरल हेल्थ के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गांव मिंगनी खेड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया गया और जागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में डॉ. सविता रेड्डू ने उपस्थित लोगों खासकर बच्चों को दांतों की देखभाल के बारे में जागरूक किया और टूथब्रश करने के सही तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को मुख स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख स्वास्थ्य का असर पूरे शरीर पर पड़ता है। डॉ. सविता रेड्डू ने बताया कि सभी को प्रतिदिन 2 बार सही तरीके से ब्रश कर दांतों की सफाई करनी चाहिए और हर बार खाने के बाद कुल्ला करना चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू और बीड़ी व सिगरेट के सेवन से बचना चाहिए इनके सेवन से मुंह का कैंसर होता है। इस दौरान ड्राइंग कम्पीटिशन भी करवाया गया और बच्चों को टूथब्रश व टूथपेस्ट वितरित किए गए। इस अवसर पर राज एमपीएचडब्ल्यू, डॉ. कुलदीप सीएचओ, मुन्नी, भतेरी आंगनवाड़ी वर्कर, प्रोमिला और पवन आशा वर्कर मौजूद रही।



हिसार। वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा एक्स सर्विसीज लीग का वार्षिक सम्मेलन एक को

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग हिसार का वार्षिक सम्मेलन मनाने के लिए मनवार बैंकेट हॉल नजदीक गोदारा पेट्रोल पंप आजाद नगर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिसार लीग के प्रधान सूबेदार कृष्ण गोदारा ने की। गोदारा ने लीग की पिछले साल की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और पिछले साल की तरह इस साल भी लीग का वार्षिक सम्मेलन 1 अप्रैल को मनवार बैंकेट हाल में करने का लिए सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। संघ के उपप्रधान जेडब्लूओ राजेन्द्र गोदारा ने हरियाणा एक्स सर्विसमेन लीग हिसार के सभी वीर नारियों, सैनिक विधवाएं व संघ के सदस्यों को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है और जो भूतपूर्व सैनिक लीग की सदस्यता लेना चाहते हैं, वो भी सम्मेलन में भाग ले सकता है। वार्षिक सम्मेलन में सैनिकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी व समाधान के लिए जिला सैनिक बोर्ड, डीपीडीओ, ईसीएच एस, कैंटीन तथा हिसार कैंट से अधिकारी तथा कर्मचारी भी शामिल होंगे।

## कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से गरीब बस्तियों व झुग्गी-झोपड़ियां में रहने वाले बच्चों की शिक्षा व उनके उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों से असंख्य बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और भविष्य में कोई भी बच्चा शिक्षा व अपने श्रेष्ठ बचपन से वंचित नहीं रहेगा। संस्था की अध्यक्ष अनु चिनिया ने बताया कि संस्था की ओर से आओ अब स्कूल चले हम, का नारा देकर शिक्षा से वंचित झुग्गी-झोपड़िया में रहने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया जो सार्थक होते नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी समय यह एक सपना लगता था कि गरीब बस्तियों के बच्चे भी कभी शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अब वह सपना साकार होता दिख रहा है जिस अभियान की शुरुआत संस्था ने व संस्था से जुड़े सहयोगियों ने मिलकर देखा था। उन्होंने कहा कि हिसार वासियों से मिले भरपूर सहयोग के कारण इस सपने को पूरा करना आसान हुआ है। भविष्य में भी इस अभियान को जारी रखते हुए हर बच्चे को शिक्षा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अभियान में वालंटियर गरिमा बंसल, नेहा भ्यान, पुनीत, अजय, रचित, आशु, हर्ष, आशुतोष, सन्नी आदि ने भी भरपूर योगदान दिया है।



हिसार। ऑरेंज टी-शर्ट पहने गरीब बस्तियों में रहने वाले बच्चों के साथ अन्य बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हुए।



हिसार। भ्रमण करते दयानंद महाविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ऐतिहासिक स्थल कुणाल का किया शैक्षणिक भ्रमण

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के इतिहास विभाग के तत्वाधान में आज शैक्षणिक भ्रमण के तहत ऐतिहासिक स्थल कुणाल का भ्रमण किया गया। कुणाल भारत में हड़प्पा सभ्यता के महत्वपूर्ण स्थलों में शुमार है तथा प्राचीन कालीन सरस्वती नदी के किनारे पर स्थित माना जाता है। वर्तमान में यहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के निर्देशन में हरियाणा पुरातत्व व संग्रहालय विभाग की देखरेख में खुदाई का कार्य जारी है। इतिहास विभाग के विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए हरियाणा पुरातत्व विभाग की उपनिदेशक डॉ. बनानी भट्टाचार्य ने कुणाल के ऐतिहासिक महत्त्व, खनन प्रक्रिया तथा यहां मिलने वाली सामग्री के बारे में बताया। उन्होंने यहां से प्राप्त मिट्टी के बर्तन, चुड़ियों, खिलौनों तथा अन्य प्राप्त सामग्री के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### धोखे से रुपये रखने के मामले में गिरफ्तार

हिसार। शहर पुलिस ने धोखे से 1 लाख 40 हजार रुपए रखने के मामले में आर्यनगर निवासी कीमती सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई नवीन ने बताया कि आरोपी कीमती, राजीव नगर निवासी अमित की पिकअप गाड़ी पर चालक की नौकरी करता था। इस वर्ष 24 जनवरी को कीमती सिंह पिकअप गाड़ी में गांधी बूथ हिसार से सामान लोड करके राजस्थान के रावतसर गया था। रावतसर मे उसने गाड़ी से सामान खाली किया और वापसी में एक लाख 40 हजार रुपये लेकर चला लेकिन राजीव नगर निवासी अमित के पास नहीं आया और पैसे लेकर कहीं अंयत्र चला गया। पुलिस ने राजीव नगर निवासी अमित की शिकायत पर शहर थाना में केस दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से कुछ धनराशि बरामद की है वहीं पिकअप गाड़ी को घोड़ा फार्म रोड से बरामद किया गया था।

## मंगलसूत्र छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

बालसमंद चौकी पुलिस ने गांव बालसमंद में एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनने के मामले में दो आरोपियों प्रेम नगर हांसी निवासी कार्तिक और शिवम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। उन्हें अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएसआई सज्जन ने बताया कि गांव बालसमंद निवासी एक महिला ने चौकी में शिकायत दी कि वह 11 मार्च की शाम को बालसमंद सरसाना रोड पर अपने प्लॉट में गोबर डालने जा रही थी कि एक लड़का उसके पास आया और उसका मंगलसूत्र छीन कर भाग गया। दूसरा लड़का मोटरसाइकिल लेकर सड़क पर खड़ा था। दोनों मोटरसाइकिल पर सवार हो सरसाणा की तरफ भाग गए। पुलिस ने महिला को शिकायत पर केस दर्ज किया था। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी पहले भी छीना झपटी की वारदातों में शामिल रहे है, जिनके बारे हिसार और राजस्थान में केस दर्ज हैं।

## उदय ने सब जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

राष्ट्रीय बाक्सिंग फेडरेशन की ओर से नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में सब जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उदय सिंह ने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए 37 किग्रा भारवर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी उदय का गुरुवार को हांसी पहुंचने पर नोटों की मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कोच विनय कुमार ने बताया कि उदय सिंह ने अपने सभी मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को 5-0 से एक तरफा जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि उदय सिंह, शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग अकेडमी हांसी में अभ्यास करता है। इस पर 125 बार के रक्तदानी रामनिवास लोहान, बलवान सिहाग, दीपक कालीरमण, विपिन, संदीप, सर्विस सैनी, अमित, वजीर, सुरेन्द्र गोयल, वेदपाल, डा. विनय सांगवान, सुनील विजारणिया, सुरेन्द्र विजारणिया, डा. देवेन्द्र श्योराण, महिपाल लांबा, बलबीर जाखड़, मनदीप जाखड़, राजेश बड़ेसरा, संजय चौहान, सोमदत्त बिलडर्स, दिनेश जून आदि ने उदय सिंही को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- पदक विजेता उदय का हांसी पहुंचने पर किया भव्य स्वागत



हांसी। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी उदय सिंह को सम्मानित करते रक्तदानी रामनिवास लोहान। फोटो : हरिभूमि

## चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण करवाने के लिए जिला पुलिस अलर्ट

# लाइसेंसी हथियार तुरंत पुलिस थानों व गन हाउस में जमा

- हथियार जमा नहीं करवाने पर लाइसेंस रद करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी : एसपी



मोहित हांडा, एसपी, हिसार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण करवाने के लिए जिला पुलिस अलर्ट है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा न हो इसके लिए जिला में जिनके पास लाइसेंसशुदा हथियार हैं, वे उन्हें पुलिस थानों और गन हाउस में जमा करवाएं। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि आचार संहिता को देखते हुए सभी थाना और चौकी प्रभारी लाइसेंस हथियार धारकों से संपर्क करके, उन्हें हथियार जमा कराने को कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला में सभी लाइसेंस धारकों को अपने हथियार जमा कराने होंगे। जमा नहीं करवाने वाले के खिलाफ लाइसेंस केंसिल से लेकर मामले दर्ज किए जा सकते हैं। इसके साथ ही पुलिस ने नाके लगाकर चेकिंग अभियान भी तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद लगी आचार संहिता के दौरान अभी तक लाइसेंस शुदा हथियार धारकों ने अपने हथियार पुलिस थानों या गन हाउस में जमा नहीं करवाए है। वे अपने हथियार तुरंत जमा करवाएं। पुलिस ने लाइसेंस शुदा हथियार धारकों की लिस्ट बना ली है। आचार संहिता लगने के बाद लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को अपने हथियार थाने और नजदीकी गनहाउस में जमा करवाने होते हैं। थाने और गन हाउस में हथियार जमा करवाने के बाद हथियार जमा करवाने वाले को रसीद दी जाती है। चुनाव खत्म होने के बाद रसीद दिखाकर अपना लाइसेंसी हथियार वापस ले सकते हैं। उन्होंने कहा है कि लाइसेंस शुदा हथियार धारक अपने हथियार को बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना या गन हाउस में जल्द से जल्द जमा कराएं। साथ ही उन्होंने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को आदेश देते हुए कहा है कि सभी अपने अपने क्षेत्र में जिन-जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है, उन सभी के हथियारों को पुलिस थाने या गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। गन हाउस में जमा किए गए हथियार की जमा पर्ची थाने में जमा करवाएं। हथियार न जमा करने वालों को नोटिस दें ताकि उनके लाइसेंस को रद्द करवाने की प्रकिया शुरू कर लाइसेंस रद्द करवाया जा सके।

### मंगाली सीएचसी और गंगवा सब सैंटर में लगाया दंत शिविर

हिसार। शहर के सीएचसी मंगाली और सब सैंटर गंगवा में दंत चिकित्सक डॉ. चारू गुप्ता ने दंत जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में आए लोगों के दांतों की जांच के साथ उन्हें दांतों की साफ सफाई के बारे में भी जागरूक किया गया। डॉ. चारू ने टुथब्रश करने के सही तरीके की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को स्तन एवं सवाईकल कैंसर के बारे में भी बताया गया। शिविर में सीएचसी मंगाली से नर्सिंग आफिसर किरण, सब सैंटर से सीएचओ मैना, सुभाष, प्रकाश रानी, सुनीता रानी, सीमा रानी, पूजा, आशा वर्कर एवं सोमबीर मौजूद थे।

### पिस्तोल सहित एक व्यक्ति काबू

हिसार। अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने हांसी रोड बरवाला से एक व्यक्ति को अवैध पिस्तोल सहित काबू कर तीन जिंदा कारतूस बरामद किए है। मुख्य सिपाही रिछपाल ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान हांसी बरवाला रोड पर राधा स्वामी आश्रम के पास से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम नाम वार्ड 10 बरवाला निवासी धनेश उर्फ देशा बताया। तलाशी लेने पर धनेश उर्फ देशा के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध लोडेड पिस्तोल और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## खबर संक्षेप

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक

**रतिया।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी 5 अप्रैल को रतिया की अनाज मण्डी में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वीरवार को भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### पीएल जिंदल कान्वेंट स्कूल में समारोह आयोजित

**रतिया।** पीएल जिंदल कान्वेंट स्कूल में आज कक्षा नर्सरी से नौवीं व कक्षा ग्यारहवीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया व परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। स्कूल प्रिंसीपल मोना तनेजा द्वारा आए हुए अभिभावकों का स्वागत किया गया व स्कूल के बच्चों के द्वारा सभी क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### रतिया में क्रिसेंट स्कूल का भव्य शुभारंभ 31 को

**रतिया।** सहनाल रोड पर नये खुलने वाले क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का शुभारंभ 31 मार्च को होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक लक्ष्मण नापा शिरकत करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां, भाजपा जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, व्यापार मंडल फतेहाबाद के कोऑर्डिनेटर राधाकृष्ण नारंग, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद दहिया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग,व खंड शिक्षा अधिकारी अनीता बाई शिरकत करेंगे।

### शारदा स्कूल में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार

**फतेहाबाद।** शारदा स्कूल के प्रांगण में दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए एक कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजित किया गया। इस सेमिनार में कई विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए।

### हरियाणा सिविल पैंशनर्ज का वार्षिक कार्यक्रम 30 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज की वार्षिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 30 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे हिसार रोड स्थित अरोमा होटल फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में स्टेट बॉडी करनाल से हरियाणा के प्रधान एस.एल डुरेजा व अन्य पदाधिकारी भी भाग लेंगे तथा सरकार से प्राप्त सूचनाओं बारे जानकारी देंगे।

### जिले से तीन महिलाओं सहित 5 लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं सहित 5 लोगों के लापता होने का समाचार है। शिकायत में गांव ढिंगसरा निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी पत्नी बैंक में जाने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। दूसरे मामले में फतेहाबाद पुलिस ने धांगड़ हाल हंस कालोनी फतेहाबाद निवासी सतीश नामक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी पत्नी व दो लड़कों के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में टोहाना पुलिस ने गांव डांगरा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 23 साल की बेटी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

---

सचिव सहित आठ अधिकारी और कर्मचारी हाजिर मिले

# आरसीसी बेंच खरीद व तिरंगा लाइट घोटाला : सीएम फ्लाइंग

टीम ने सुबह सवा 9 बजे से 12.45 बजे तक दफ्तर में छानबीन की और पिछला रिकॉर्ड तलब किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भूना


**भूना।** नगर पालिका कार्यालय में सचिव से रिकॉर्ड तलब करते सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज कुलदीप सिंह व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*


**भूना।** नगर पालिका कार्यालय में रिकॉर्ड लेकर वापस जाते सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

नगर पालिका भूना के 11 पार्षदों द्वारा आरसीसी बेंच खरीद व तिरंगा स्ट्रीट लाइट मामले में कथित धांधली होने की मुख्यमंत्री व डीसी फतेहाबाद को शिकायत पत्र देकर जांच की मांग की गई थी। उसी मामले में वीरवार की सुबह सीएम फ्लाइंग टीम ने नगर पालिका कार्यालय पर अचानक रेड मार न केवल पुराना रिकॉर्ड खंगाला, प्रॉपर्टी यूआईडी नंबर, सीएम विंडो के लंबित मामलों सहित कार्यालय में उपस्थित कर्मियों, अधिकारियों की हाजिरी भी चेक की। टीम में सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, गुप्तचर विभाग के रमेश कुमार व दलजीत सिंह, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार राहुल शर्मा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। इस दौरान सचिव सहित 8 अधिकारी व कर्मचारी हाजिर मिले। बायोमिट्रिक हाजिरी मशीन भी नहीं पाई गई। फ्लाइंग टीम ने सुबह सवा 9 बजे से 12.45 बजे तक दफ्तर में छानबीन की और पिछला रिकॉर्ड तलब किया। सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर कर्मियों को समय पर कार्यालय उपस्थित होने और पूरा रिकॉर्ड सही तरीके से रखने की हिदायत भी दी।

### 11 पार्षदों ने लगाया था धांधली का आरोप

नगर पालिका भूना के 15 पार्षदों में से 11 पार्षदों ने आरसीसी बेंच खरीद व तिरंगा स्ट्रीट लाइट मामले में कथित धांधली होने की मुख्यमंत्री व डीसी फतेहाबाद को शिकायत दी थी। नगर पालिका के पार्षद सुशील सोनी, सुमित कुमार, रोहताश गोयल, कृष्णा सोनी, कविता देवी, राहुल दहिया, शीला देवी, प्रकाश कुमार उर्फ पाशू, भागवंती, पार्षद अमन बाबा आदि ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका ने करीब 5 महीने पहले 200 के करीब आरसीसी बेंच खरीदने का टेंडर लगाया था। जो फैक्ट्री से आरसीसी कुर्सियां शहर में नगर पालिका के अधिकारियों ने खरीदी थी, इनकी गुणवत्ता बिल्कुल ही घटिया स्तर की रही। अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलकर बेंच खरीद में भारी गोलमाल किया। पार्षदों का आरोप है कि कुर्सियां लगाने के कुछ दिन बाद ही टूट कर बिखर गई। इसके अतिरिक्त बेंच की संख्या में भी काफी गड़बड़झाला हुआ। पार्षदों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच करवाकर अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

**क्या कहते हैं टीम इंचार्ज :** सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वीरवार को नगर पालिका में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव सहित दूसरे अधिकारी व कर्मचारी मौके पर हाजिर मिले। आरसीसी बेंच खरीद व तिरंगा लाइट से संबंधित रिकॉर्ड को कब्जे में लेकर उच्च अधिकारियों को मार्गदर्शन हेतु भेजा जाएगा। रिकॉर्ड जांच के बाद जो कार्रवाई होगी, वह अमल में लाई जाएगी।

---



# स्वयंसेवकों को आपात स्थिति से निपटने के दिए टिप्स

- विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूथनकलां में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर को लेकर स्वयंसेवकों में काफी उत्साह है। शिविर के आज के दिन की शुरूआत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ की गई। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई की वहीं पौधों की भी कटाई की गई। आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी फतेहाबाद की ओर से प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने भाग लिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को जहां रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कायारें के बारे में जानकारी दी वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसके बारे में भी विस्तार से बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सतपाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए इस शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, स्वास्थ्य और अनुशासन का विशेष महत्व है। एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में शिक्षा और संस्कार के साथ ही सामाजिकता एवं राष्ट्रीय भावना जागृत करते हुए निष्ठानवान नागरिक बनने की सीख देते हैं। इस अवसर पर संदीप कुमार, सुमित्रा रानी, सविता, प्रताप सिंह, बीरमति सहित स्टाफ के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

---

# बाबूलाल दूसरी बार बने प्रधान

- ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का 16वां त्रिवार्षिक सम्मेलन 6, 7 अप्रेल को हिसार में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा


**सिरसा।** पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन, सिटी यूनिट सिरसा के त्रिवार्षिक चुनाव सिटी यूनिट प्रधान बाबूलाल बप्पां की अध्यक्षता में हुए। राज्य प्रधान अविनाश चंद्र ने कर्मचारियों को सर्व कर्मचारी संघ व ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन के संविधान के बारे में बताते हुए नए कर्मचारी साथियों को संगठन हित में काम करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान ने बताया कि बिजली कर्मचारियों की मागों को पूरा करने के लिए बीती 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री से यूनियन की वार्ता हुई व कुछ मांगों पर सहमति बनी, लेकिन उन्हें आज तक लागू नहीं किया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का 16वां त्रिवार्षिक सम्मेलन 6, 7 अप्रेल को हिसार में होगा। अंत में सिटी यूनिट के चुनाव करवाए गए, जिसमें सर्वसम्मति से बाबूलाल बप्पां को प्रधान, अशोक शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, कमलेश कौर को उपप्रधान, लखबीर सिंह को सचिव, उग्रसैन कसवां को सहसचिव, कोषाध्यक्ष ताराचंद को कोषाध्यक्ष, राजेश बराला को ऑडिटर, सुभाष फोरमैन को संगठनकर्ता, मनोज कुमार एवं विनोद गिर को प्रैस सचिव चुना गया।

---

# इनेलो नेताओं ने जिलेभर का किया दौरा

- कार्यकर्ता सम्मेलनों को लेकर लगाई ड्यूटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** पदाधिकारियों की बैठकों को संबोधित करते इनेलो नेता।

इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला व पार्टी के नए प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के फतेहाबाद जिले के दो दिवसीय दौरे को लेकर इनेलो नेताओं ने जिलेभर का दौरा कर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठकें ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इनेलो जिला प्रधान बलविन्द्र सिंह कैरों, शहरी जिला प्रधान हरबंस खन्ना, कार्यकारी जिला प्रधान हरि सिंह डांगरा ने टोहाना, रतिया व फतेहाबाद में पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाते हुए कार्यकर्ताओं से इन बैठकों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। इनेलो नेताओं ने कहा कि 30 व 31 मार्च को अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान अभय सिंह चौटाला व रामपाल माजरा टोहाना, रतिया और फतेहाबाद में विधानसभा स्तर पर पाटी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। 30 मार्च को दोपहर 12 बजे इनेलो नेता टोहाना की अग्रवाल धर्मशाला में जबकि दोपहर 2 बजे रतिया की जैन समाधि धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। दौरे के दूसरे दिन अभय सिंह चौटाला व प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माचरा 31 मार्च को प्रातः 10 बजे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनावों को लेकर उनकी ड्यूटियां लगाएंगे। जिला प्रधान बलविन्द्र सिंह कैरों ने कहा कि आज प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है। बढ़ती महंगाई ने देश की जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। पैट्रोल, डीजल और गैस के आसमान छूते रेटों के बाद अब भाजपा सरकार ने टोल टैक्सों के रेट बढ़ाकर जनता को चुनावों से पहले ही अपने इरादे साफ कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से छुटकारा पाना चाहती है। लोकसभा चुनावों में भाजपा का जहां सुपड़ा साफ होगा।

---



# चेयरमैन देव कुमार शर्मा का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा का गली तेलियांवाली में अजन्ता एजेंसी के एसके ट्रेडर्स पर पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।एसके ट्रेडर्स के संचालक हार्दिक जसूजा ने पुष्प गुच्छ देकर देव कुमार शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर होलसेल शू एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश गोयल, डॉ. दीपक अग्रवाल, संजीव नारंग, हरीचंद, मनोज बंसल, अशोक कुमार, नरेश जिंदल, संजय गुप्ता, कृष्ण अग्रवाल, अनिल जैन, सोनू राणा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने चेयरमैन देव कुमार शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी। देव कुमार शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। शर्मा ने कहा कि उन्हें जो दायित्व प्रदान किया गया है। उसको वह बखूबी निभाएंगे। इस अवसर पर मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया गया।

---

# लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

- युवा नशे की चपेट में आकर निरंतर अपराध की ओर अग्रसर हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चोपटा


**सिरसा।** गांव शक्कर मंदौरी में ग्रामीणों को संबोधित करते थाना प्रभारी सत्यवान।

नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या है और इसे पूरी तरह से मिटाने के लिए एक बड़े जन आंदोलन की जरूरत है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, मौहल्ले तथा वार्ड की पूरी जिम्मेदारी लेगा और ना तो स्वंय नशा करेगा और न ही अपने क्षेत्र में नशा बिकने देगा तभी इस अभियान में हम शत-प्रतिशत कामयाब होंगे।

यह बात गांव शक्कर मंदौरी में नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी सत्यवान ने बैठक में उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा नशे की चपेट में आकर निरंतर अपराध की ओर अग्रसर हो रहे हैं, इसलिए मां-बाप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पूरी नजर रखें तथा उन्हें नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद तथा अन्य सामाजिक हित की गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस लगातार जहां नशे के सौदागरों को जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है, वहीं जिला पुलिस गांव गांव जाकर लगातार सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक भी कर रही हैं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को सफलता के शिखर तक ले जाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। थाना प्रभारी ने बैठक में मौजूद ग्रामीणों से कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हम सबको एकजुट होकर आगे आना होगा। तभी हम नशा मुक्त समाज की स्थापना कर सकते हैं।

---


**सिरसा।** सुशील शर्मा को सम्मानित करते हुए परशुराम आर्मी के संस्थापक विजय शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### सुशील शर्मा बने भगवान परशुराम आर्मी के प्रधान

**सिरसा।** शहर के बेगू रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर भगवान परशुराम आर्मी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भगवान परशुराम आर्मी के संस्थापक विजय शर्मा ने की। बैठक में संरक्षक सुधीर सारस्वत, राहुल खंडेलवाल, मुकेश शर्मा, पीयूष शर्मा, रोहित शर्मा, पृथ्वी जोशी भरोखां, अमन जोशी, हितेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, टोनी जोशी, बलदेव जोशी, मदन जोशी, महेंद्र शर्मा भरोखां, बलदेव शर्मा, राधेश्याम शर्मा आदि मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी सुशील शर्मा पंप वाले को भगवान परशुराम आर्मी का प्रधान नियुक्त किया गया। अपनी नियुक्ति पर सुशील शर्मा ने पंडित विजय शर्मा व समस्त ब्राह्मण समाज का धन्यवाद किया और कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे बखूबी निभाएंगे। ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाकर समाज के उत्थान के लिए भी भरसक प्रयास किए जाएंगे। पंडित विजय शर्मा ने बताया कि सुशील शर्मा शुरू से ही समाजसेवी रहे हैं। चाहे वो ब्राह्मण समाज की बात हो या अन्य समाज की। उन्होंने बताया कि आगामी 10 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भगवान परशुराम चौक पर मनाया जाएगा, जिसमें सुशील शर्मा ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

---

# वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह को लेकर बैठक में बनाई रणनीति

- मीटिंग में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय परिषद की टीम के सदस्यों को भी समारोह का निमंत्रण जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

हरियाणा बिजली पेंशन वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक 33 केवी हनुमान मंदिर पेंशनर हाल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान वीके गर्ग ने की। बैठक में 12 अप्रैल को बिश्नोई धर्मशाला सिरसा में आयोजित होने वाले एसोसिएशन के 8वें वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय परिषद की टीम के सदस्यों को भी समारोह का निमंत्रण जाए। इसके साथ-साथ रा'य स्तर की मांगों, जिनमें फैमिली पेंशनर को भी पेंशनर की तरह एलटीसी की सुविधा दी जाए। रेगुलर कर्मचारी की तरह पेंशनर को भी फ्री यूनिट सुविधा दी जाए। पंजाब की तर्ज पर 65, 70, 75 वर्ष की आयु पूरी करने पर 5, 10, 15 प्रतिशत मूल पेंशन में बढ़ोत्तरी की जाए। चारों निगमों में कैशलेस सुविधा के लिए कार्ड तुरंत प्रभाव से बनाए जाएं, ताकि पेंशनर को सरकारी सुविधाओं का लाभ शीघ्र मिल सके सहित पेंशनर की एचवीपीएन के हैड ऑफिस व डीएचबीवीएन के हैड ऑफिस में कुछ पेंशनर की समस्याएं पेंडिंग है, उनका भी एजेंडा यूनिट कार्यकारिणी की तरफ से केंद्रीय परिषद को सौंपा जाएगा। रणसिंह यादव ने बताया कि समारोह की सफलता को लेकर 6 कमेटियों का गठन कर पेंशनर की ड्यूटियां भी लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन पेंशनर का अप्रैल माह में जन्मदिन है, उन्हें भी विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर एमआर सचदेवा, जीके वधवा, सुरेंद्र नैन, ओपी मेहता, एल आर बिरमाणी, एम एस रोहिल्ला, राधाकृष्ण खेमका, महेंद्र वीर, महेंद्र पाल, ओपी मेहता प्रसन्न सिंह, मालाराम, सुखदेव सिंह, कुमार फुल्ली, रामकिशन, नरेंद्र बांसल, ओपी वधवा, कृष्ण शर्मा, बलवान सिंह, निरंजन लाल, कृष्ण मुरारी, आईडी मेहता, जगमिंद्र कुमार, केवल कृष्ण मोंगा, बलवंत सिंह, लाल सिंह उपस्थित थे।

---

श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया वार्षिक समारोह

# विद्यालय शिक्षा का घर है, शिक्षा ही जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल में वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल का अपना एक अलग स्थान है। इसी बात का ध्यान रखते हुए श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल में ग्रेजुएशन दिवस के उपलक्ष्य में वार्षिक समारोह मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ फतेहाबाद की जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद गणेश वंदना, सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने स्कूल वातावरण में शालीनता का परिचय दिया। इस अवसर पर सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, वैस्टर्न डांस, पंजाबी भंगड़ा व जूनियर वर्ग में नन्हे मुन्हे बच्चों ने विभिन्न आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करते हुए अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में व ओलम्पियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकगण को पुरस्कृत व सम्मानित भी किया गया। इसके अतिरिक्त हिन्दी, इंगलिश भाषा की सुलेख, श्रुतलेख प्रतियोगिता, भाषण वाचन प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्यातिथि संगीता बिश्नोई ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शिक्षा के द्वारा श्रेष्ठ जीवन का निर्माण सम्भव है। स्कुल के रिजनल इंचार्ज फनी कुमार व अकैडमिक डीन मंजूनाथ ने मुख्यातिथि का धन्यवाद व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रिंसीपल अम्बिका अरोडा ने कहा कि आज का युग आधुनिक शिक्षा का युग है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा के साथ-साथ हमें अपने जीवन में नैतिक मूल्यों व आदर्शों का भी पालन करना चाहिए व समय-समय पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बीघड़ में युवक ने पिता की बेरहमी से की पिटाई

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में एक व्यक्ति ने अपने पिता की बेरहमी से पिटाई कर डाली। खून से लथपथ बुजुर्ग को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस छानबीन में लगी है। फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन बीघड़ गांव के साधु राम ने बताया कि उसके बेटे ने उसके कहे से बाहर जाकर अपने आप शादी कर ली थी।

### भिरड़ाना में दुकान से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में चोरों ने एक दुकान से हजारों रुपये की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरड़ाना निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि उसकी गांव में किरयाणे की दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान बंद करके घर आ गया था। रात को अज्ञात चोर उसकी दुकान में घुस गया और वहां से करीब 35 हजार रुपये की नकदी, 1500 रुपये का सामान व एक सोने की अंगूठी चोरी करके ले गया है।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी

**सिरसा।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनावों में जागरूक जनता शत-प्रतिशत मतदान कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार को सत्तासीन करे। भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। भाजपा सरकार भी युवाओं की राजनीति में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।

### बैठक को लेकर इनेलो नेताओं ने किया जनसंपर्क

**सिरसा।** इंडियन नेशनल लोकदल के शहरी जिलाध्यक्ष गंगाराम बजाज ने अपने नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से संपर्क साधकर उन्हें आगामी 1 अप्रेल को सिरसा हलका की बैठक के लिए आमंत्रित किया। शहरी जिलाध्यक्ष गंगाराम बजाज के साथ इस संपर्क अभियान में सिरसा हलका प्रभारी गुरदयाल मेहता सहित काफी संख्या में मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनावों के लिए बसपा ने बनाई रणनीति

**सिरसा।** बहुजन समाज पार्टी के जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष भूषण लाल बरोड़ की अध्यक्षता में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में हुई। बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर विचार विमर्श किया गया और इस बैठक में चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग भी शामिल हुए। पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव में बसपा अपने प्रत्याशी उतारेगी और एक विकल्प के तौर पर उभर कर सामने आएगी।

### अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में रानियां चुंगी स्थित सरस्वती कॉलोनी निवासी सोहन सिंह ने बताया कि वह अपना बुलेट मोटरसाइकिल लेकर खाजाखेड़ा चौक पर आया था। मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ी कर वह दुकान में चला गया। कुछ देर बाद बाहर आया तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में गांव बणी निवासी सुशील कुमार ने बताया कि वह बाइक लेकर खेत में गया था। खेत के रास्ते पर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह खेत संभालने के लिए चला गया।

### हजारों की सट्टा राशि सहित एक काबू

**डबवाली।** एएनसी स्टाफ डबवाली की टीम ने गांव लोहगढ़ से सार्वजनिक जगह पर सट्टेबाजी करने के आरोपी को 4200 रुपए की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान राकेश कुमार निवासी लोहगढ़ के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी राकेश कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना सदर डबवाली में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

---

### बच्चों में हुआ था झगड़ा, पुलिस की एकपक्षीय कार्रवाई से खफा

# सुसाइड नोट में मृतक ने जांच अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप


### खफा युवक ने खाया जहर एएसआई सहित 6 पर एफआईआर, एक भाई को अपने बच्चों का जिम्मा सौंपा



मृतक युवक सतविन्द्र

#### सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी थी

10 मार्च को उनके घर पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर तोड़फोड़ की। इसकी शिकायत और सीसीटीवी फुटेज भी उन्होंने पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस ने इस मामले में उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि दूसरे पक्ष द्वारा दी गई शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया। इसके बाद फिर 14 मार्च को सतविंद्र की दुकान के बाहर जाकर दूसरे पक्ष के लोगों ने गालियां निकाली। इसके बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। मृतक के पिता सिकंदर ने बताया कि इन घटनाओं के बाद से सतविन्द्र मानसिक तौर पर परेशान रहता था। मामले की जांच कर रहे आईओ भूपेंद्र सिंह से चार-पांच बार मिले तो वह यही कहता कि भले ही 50 बार मिलो, जो उसने करना है, वही करेगा, जहां जाना है, चले जाओ। इससे परेशान होकर सतविंद्र ने आत्महत्या की है।



**फतेहाबाद।** मृतक सतविन्द्र द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/टोहाना

टोहाना में बच्चों के मामूली विवाद में एक पक्ष के व्यक्ति द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का समाचार है। जान देने से पहले उसने सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें कुछ लोगों पर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप हैं। झगड़े के मामले में जांच कर रहे पुलिस जांच अधिकारी को भी उसने अपनी मौत का जिम्मेदार बताया। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में अपने भाइयों को राम-राम कहा, पिता से माफी मांगी वहीं एक भाई को अपने बच्चों का जिम्मा सौंपते हुए उनको अपने जैसा पढ़ा-लिखा बनाने को कहा है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में मौजूद परिजनों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर रोष जताते हुए कहा कि जब तक पुलिस कार्रवाई नहीं करती, तब तक वे मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इस बारे सूचना मिलते ही डीएसपी शमशेर सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट व मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर 8 लोगों व एएसआई भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार टोहाना के वार्ड नंबर 5 निवासी सतविंद्र सिंह ने बुधवार रात जहर पीकर अपनी जान दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां से एक सुसाइड नोट भी मिला। अस्पताल में पहुंचे मृतक सतविंद्र के पिता सिकंदर व अन्य परिजन अशोक, चचेरे भाई कृष्ण आदि ने बताया कि कुछ दिन पहले गली में बच्चों का आपसी झगड़ा हो गया था। झगड़ा इतना बढ़ गया कि मोहल्ले में दबाव बनाने के लिए सतविंद्र को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। उससे मारपीट की गई और घर से जब भी वह निकलता तो उसे गालियां निकाली जाती।

#### ये लिखा है सुसाइड नोट में...

सतविंद्र ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं सतविंद्र उर्फ अनूप अपने बयान देता हूं कि मेरी मौत के जिम्मेदार हैं अमित कुमार, डॉ. प्रकाश, दर्शन सिंह, नराता राम, संजीव कुमार व आईओ भूपेंद्र सिंह। जिसने मेरे ऊपर इन लोगों से पैसे लेकर झूठा केस दर्ज करवा दिया और ये लोग मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकियां देते थे। इन लोगों ने मेरी दुकान व घर पर हमला किया, वीडियो मैंने थाने में भी दी और और थाने ने कोई कार्रवाई नहीं की। अमित कुमार व डॉ. प्रकाश ने कुछ लोगों को इकट्ठा करके मेरे खिलाफ केस दर्ज करने के लिए थाने में झूठे नारे लगवाए, जिस कारण मेरी व मेरे परिवार की इज्जत को सारे शहर में बदनाम किया, जिसकी वजह से मैंने मरने की सोची। अशोक भाई, विनोद भाई को राम राम, कृष्ण भाई को बहुत सारा प्यार, चीनी भाई मेरे बच्चों का ख्याल रखना और इन्हें पढ़ा लिखा कर तेरे जैसा बनाना, पापा की कमी बच्चों को महसूस ना हो, पापा सॉरी।

---

# व्यापारियों की चेतावनी, बंद रास्ते नहीं खोले तो डबवाली शहर बंद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस प्रशासन ने यदि 30 मार्च तक डबवाली शहर के साथ पंजाब की सीमाओं पर की गई नाकेबंदी को हटाकर कर रास्तों को नहीं खोला तो डबवाली शहर बंद करके सरकार व प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। यह चेतावनी वीरवार को गोल चौक के पास एकत्रित हुए व्यापारियों ने सरकार को दी है। व्यापारियों ने अपनी इस बात से प्रशासन को अवगत भी करवा दिया है। गौरतलब है कि जब से किसान आंदोलन के इस नए चरण की शुरुआत हुई है तब से डबवाली की जनता त्रास्त है। डबवाली शहर का बड़ा हिस्सा पंजाब की सीमाओं से सटा है। इसी वजह से प्रशासन ने मलोट रोड व बठिंडा रोड पर नाकेबंदी करके सड़कों को बंद कर रखा है। डबवाली शहर व आसपास के गांव के लोग परेशान है और इसकी वजह से व्यापारियों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर सारा यातायात शहर के बीचो-बीच से गुजर रहा है। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापारी कई बार प्रशासन से रास्ते खोलने की मांग कर चुके हैं। अब आंदोलन भी किसी खास प्रभाव में दिखाई नहीं दे रहा ऐसे में रास्ते जाम करने का कोई औचित्य नहीं है। जनप्रतिनिधि भी इस मामले में मौन है। अब व्यापारियों के सब्र का पैमाना भर चुका है। वीरवार को व्यापारियों ने गोल चौक पर एकत्रित होकर प्रशासन व सरकार के प्रति अपने रोष का इजहार किया। व्यापारियों का कहना था कि किसान भी रास्ते खोलने की बात को लेकर सहमत है। ऐसे में प्रशासन को जनता की आवाज सुननी चाहिए और रास्ते खोलने चाहिए। यदि प्रशासन ने 30 मार्च तक लोगों की बात नहीं सुनी तो पूरे डबवाली को बंद करके आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर गुरदीप कामरा, संदीप चौधरी व जीटी रोड एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद थे।

### दुकान की दीवार तोड़कर चुराया हजारों का सामान

**सिरसा।** जिला के गांव खारियां में एक मोबाइल की दुकान की पिछली साइड की दीवार तोड़कर चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव खारियां निवासी सुंदरलाल ने बताया कि गांव के बस स्टेंड पर पंचायती मार्केट में उसकी श्याम टाइम एंड मोबाइल की दुकान है। उसने बताया कि बीती 26 मार्च की शाम को वह रोजाना की भांति दुकान बंदकर घर चला गया। देर रात को चोरों ने दुकान की पिछली साइड की दीवार को तोड़कर कुछ मोबाइल फोन, मोबाइल के चार्जर, इयर बड्स सहित करीब 40 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। सुबह उसे घटना का पता चला। जब उसने दुकान का शटर खोला तो पीछे की दीवार टूटी पड़ी थी और सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

# मलेरिया व डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, रेपिड रिस्पोंस टीम का किया गठन

- उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में 60 बैडों की व्यवस्था का बंदोबस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** तालाब में गंबूजिया मछली छोड़ते हुए स्वास्थ्य कर्मचारी।


स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू व मलेरिया की रोकथाम व बचाव को लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विभागीय स्तर पर रेपिड रिस्पोंस टीम का गठन किया गया है। जिसमें मेडिकल ऑफिसर, लैब टैक्निशियन व एमपीएचडब्ल्यू को शामिल किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. एम के भादू व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गौरव अरोड़ा के अनुसार मच्छरों का सीजन शुरू होने से पहले गंबूजिया मछली छोड़ी जा चुकी है। जिले में मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए जिला नागरिक अस्पाल के वार्ड नंबर 16 में 60 बैड स्थापित किए गए हैं। नागरिक अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में जांच व उपचार बिल्कुल निःशुल्क है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला नागरिक अस्पताल में जांच करवाएं, ताकि समय रहते उपचार किया जा सके।

### कचरा डोडा पोस्त सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एन्टी व्हीकल थैफ्ट सैल फतेहाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान गांव शेरगढ, ढाणी जाखन दादी से एक युवक को 26 किलो ग्राम कचरा डोडा पोस्त सहित काबू किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को भी कब्जा में ले लिया है। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पहचान सुरेश कुमार निवासी गांव शेरगढ़, ढाणी जाखन दादी के रुप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए एवीटी प्रभारी रिछपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान गांव शेरगढ़, ढाणी जाखल दादी की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने कार सवार को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुरेश कुमार बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 26 किलो कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ।

# सरसों में नमी की मात्रा मिली ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भट्टू अनाज मंडी में लगी सरसों की ढेरी।

प्रदेश सरकार द्वारा सरसों की खरीद शुरू किए जाने के तीसरे दिन वीरवार को जिले की भट्टू अनाज मण्डी में सरसों खरीद का श्रीगणेश किया गया। हैफेड ने भट्टू में सरसों की चार ढेरियां न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी।

इसके अलावा भूना अनाज मण्डी में सरसों में नमी की मात्रा 20 फीसदी से ज्यादा थी, जिस कारण उसकी खरीद नहीं हो गई जबकि फतेहाबाद अनाज मण्डी में अभी सरसों की आवक नहीं हुई है।

प्रदेश सरकार ने 26 मार्च से जिले की फतेहाबाद, भूना व भट्टू अनाज मण्डी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा की थी। हैफेड द्वारा सरसों की खरीद की जानी है। वीरवार को तीसरे दिन भट्टू अनाज मण्डी में हैफेड ने सरसों की खरीद की। यहां हैफेड ने 8 फीसदी नमी वाली सरसों की खरीद की है जोकि एमएसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई। भूना में वीरवार को भी सरसों की आवक तो हुई लेकिन इस सरसों में नमी की मात्रा 20 फीसदी से ज्यादा थी। ऐसे में हैफेड ने इस सरसों को नहीं खरीदा। फतेहाबाद अनाज मण्डी में तीसरे दिन भी सरसों की आवक नहीं हुई। हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश हुड्डा ने किसानों से अपील है कि किसान सरसों को पूरी तरह सुखा कर ही मण्डी में लाएं ताकि उन्हें इसे बेचने में किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।


---

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार पिता की मौत, बेटा घायल

**सिरसा।** बाईपास रोड पर ढाणी चांदमारी के समीप स्कूटी पर मंदिर जा रहे पिता-पुत्र को अज्ञात कार सवार ने टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार पिता की अग्रोहा अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। कार सवार मौके से भाग गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायल को अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस को दी शिकायत में चत्तरगढ़पट्टी निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसके पिता गोपाल सिंह रोडवेज से रिटायर हैं और वह कौशल रोजगार निगम के तहत परिचालक के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि बीती 26 मार्च की शाम को वह अपने पिता गोपाल के साथ ढाणी चांदमारी स्थित काली माता के मंदिर में पूजा के लिए जा रहा था। स्कूटी वह खुद चला रहा था, जबकि उसका पिता पीछे बैठे थे। जैसे ही उसने मंदिर की ओर स्कूटी को मोड़ा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे वे दोनों स्कूटी सहित सड़क पर जा गिरे। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल में पहुंचाया। उसके पिता के गंभीर चोटें लगने के कारण अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया। सुबह पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# आदर्श चुनाव आचार संहिता का गंभीरता से पालना करें शराब ठेकेदार: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** शराब ठेकेदारों की बैठक लेते डीसी आरके सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि जिला के सभी अधिकृत शराब ठेकेदार आदर्श चुनाव आचार संहिता की गंभीरता से पालना करें और जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ताकि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाए जा सकें। वे वीरवार को लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में जिला के अधिकृत शराब ठेकेदारों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक सिरसा विक्रांत भूषण, पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह, डीईटीसी आलोक पाशी व शराब ठेकेदार मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को एकमुश्त शराब न दें और सभी शराब ठेकेदार प्रतिदिन बिकने वाली शराब का पूरा ब्यौरा अपने पास रखें। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से शराब की बिक्री के संबंध में शिकायत प्राप्त होती है यदि जांच के दौरान सही पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध संबंधित धाराओं अनुसार कार्रवाई होगी। सभी शराब ठेकेदार चुनाव आदर्श आचार संहिता की गंभीरता से पालना करें। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदान के 48 घंटे पूर्व ही मतदान क्षेत्र में शुष्क दिवस (ड्राई-डे) घोषित किया जाएगा। इस दौरान शराब बेचने व परोसने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# होली खेलने आए 8 साल के बच्चे की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ के समीप वीरवार सुबह हुआ हादसा

नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ के समीप वीरवार सुबह एक कार की चपेट में आने से 8 साल के बच्चे की मौत होने का समाचार है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक बच्चा होली मनाने के लिए अपने नाना के घर आया हुआ था। बच्चे की मौत के बाद गांव धांगड़ में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार हिसार जिले के सदलपुर निवासी कुलदीप का 8 वर्षीय गेटा हर्ष होली मनाने के लिए अपने नाना महावीर के पास गांव धांगड़ आया हुआ था। बताया जाता है कि वीरवार सुबह हर्ष गांव में घर के बाहर खड़ा रहा था। इसी दौरान गांव सालमखेड़ा की ओर से आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही से चलाते हुए बच्चे को टक्कर दे मारी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

---

# भाजपा जिले के सभी मंडल प्रभारियों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ विचार विमर्श करते हुए फतेहाबाद जिला के सभी 12 मंडलों के पालकों व प्रभारियों की सूचि जारी कर दी है। इसके तहत फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम को फतेहाबाद नगर मंडल का पालक नियुक्त किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण जोड़ा को फतेहाबाद ग्रामीण मंडल का पालक नियुक्त किया गया। जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा को भूना मंडल का पालक नियुक्त किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजपाल बैनीवाल को भट्टू मंडल का पालक, जिलाध्यक्ष बलदेव को रतिया नगर मंडल का पालक, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा को रतिया ग्रामीण मंडल का पालक, प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य रमेश मैहता को नागपुर मंडल, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को टोहाना नगर मंडल का पालक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद फुलां को टोहाना ग्रामीण मंडल का पालक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद जांगड़ा को जाखल मंडल पालक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारत भूषण मिड्ढा को सनियाना मंडल का पालक नियुक्त किया गया। इसी प्रकार जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा को फतेहाबाद नगर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### हरियाणा सरकार की बार-बार की वादाखिलाफी से नाराज हैं शिक्षक

# गेस्ट टीचर्स का भाजपा प्रत्याशी के आवास पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** अशोक तंवर के आवास के समक्ष प्रदर्शन करते हुए गेस्ट टीचर।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने जिला के गेस्ट टीचरों की मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के दौरान सांकेतिक रोष प्रदर्शन किया। गेस्ट टीचरों की मांगों को लेकर हरियाणा सरकार की बार बार की वादाखिलाफी से हरियाणा प्रदेश के गेस्ट टीचर में भारी रोष दिखा।

गेस्ट टीचरों ने कहा कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वे भाजपा के प्रत्याशी के खिलाफ वोट की चोट मारने में संकोच नहीं करेंगे। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सदस्य काफी संख्या में लोकसभा में भाजपा के उम्मीदवार अशोक तंवर के निवास स्थान पर पहुंचे तथा उनकी अनुपस्थिति में उनके पीए को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि हरियाणा भाजपा के 2014 के चुनावी घोषणा पत्र अनुसार 2024 में दस वर्ष बीतने के बाद भी गेस्ट टीचर को नियमित नहीं किया। हरियाणा सरकार की फरवरी 2018 में समान वेतन की घोषणा के 6 वर्ष बीतने के बाद पूरा वेतन नही मिला, हरियाणा सरकार की दिसंबर 2021 व जनवरी 2022 में गेस्ट टीचर की मानी गई मांगों, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी, मेडिकल व अन्य सेवा लाभ 3 वर्ष बीतने के बाद भी नही मिले।

#### ये रहे मौजूद

सांकेतिक प्रदर्शन में दविंद्र सिंह, जय भगवान, राधा कृष्ण, हरदीप गिल, नत्थु राम, गुरप्रीत सिंह, सुभाष खटाना, वंदना मलिक, राजपाल, सुनील, दीपक, रमेश गिरी, विनोद कासनिया, भागीरथ व विजय कुमार आदि मौजूद थे। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की ओर से बताया गया कि जो गेस्ट टीचर 31/03/24 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उन गेस्ट टीचर को सेवानिवृत्ति के बाद के एक नियमित अध्यपाक की तरह सभी लाभ मिलने चाहिए। हरियाणा के गेस्ट टीचर की मांग है कि सरकार गेस्ट टीचर को नियमित करने की पॉलिसी बनाएं जब तक पोलिसी नही बनती तब तक जो बातें हरियाणा